गुरुवार
03 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



चौक-चौराहों पर चला सघन रूप से चेकिंग अभियान, वसूला गया जुमार्ना 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### एमएलसी नीरज कुमार की बिगड़ी तबीयत



**पटना।** जदयू के दिग्गज नेता और एमएलसी नीरज कुमार की बिगड़ती तबीयत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बुधवार को एयर एंबुलेंस से हैदराबाद ले जाया गया। पिछले महीने ही सीने में दर्द की शिकायत के बाद पटना के मेदांता अस्पताल में उनको पेसमेकर लगाया गया था। उनका इलाज पटना के जयप्रभा मेदांता में पिछले कुछ समय से चल रहा था। मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उनको हैदराबाद से एयर एंबुलेंस में ले जाने का फैसला लिया गया। नीरज कुमार ने 11 अक्टूबर को सोशल मीडिया के माध्यम से पेसमेकर लगाने की जानकारी दी थी। बता दें कि नीरज कुमार जेडीयू के प्रवक्ता और एमएलसी हैं। वह बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वह सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री रहे हैं। नीरज कुमार की गिनती जेडीयू के कद्दावर नेता के रूप में होती है।

### सभी अस्पतालों मे आई हेल्प यू काउंटर संचालित करने की तैयारी

**पटना।** सरकारी अस्पतालों में पूछताछ काउंटर नहीं है। दूर दराज से आने वाले मरीजों को पूछताछ काउंटर नहीं होने से भटकना पड़ता है। मरीजों की इस परेशानी को देखते हुए पटना समेत राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला अस्पताल में मे आई हेल्प यू काउंटर संचालित करने की तैयारी चल रही है। खासकर पीएमसीएच, आईजीआईएमएस और एनएमसीएच में भी इस काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। जिससे मरीज या परिजन को इलाज के लिए कहां जाना है, इसकी जानकारी मिल जाएगी। अस्पतालों में मे आई हेल्प यू काउंटर की व्यवस्था कराने की जिम्मेवारी जीविका को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने निर्धारित समय के अंदर मे आई हेल्प यू काउंटर की व्यवस्था का निर्देश मंगलवार को आयोजित मिशन 60 डेज की समीक्षा बैठक में दी। बैठक में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य, अधीक्षक, सिविल सर्जन मौजूद थे।

### आज से 6 नवंबर तक स्पॉट एडमिशन

**डुमरांव।** इंटर में दाखिला से वंचित रहनेवाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय ने ऐसे छात्रों को नामांकन के लिए एक और मौका दिया है। बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट कक्षा 11वीं सत्र 2022-24 स्पॉट नामांकन की तिथि फिर से जारी की है। जिन छात्र छात्राओं ने अब तक अपना नामांकन नहीं कराया है, वे 03.11.2022 से 06.11.2022 तक बची हुई सीटों पर अपना स्पॉट नामांकन करा सकते हैं।

# गोपालगंज-मोकामा में आज पड़ेंगे वोट, वोटर के मोबाइल ले जाने पर रोक






## बिहार विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव, बीजेपी और महागठबंधन के प्रत्याशी की प्रतिष्ठा दांव पर

### गोपालगंज उपचुनाव

- 330 मतदान केंद्र पर होगी वोटिंग, 40 मजिस्ट्रेट की तैनाती
- नौ ड्रोन कैमरे से होगी मतदान केंद्रों की निगरानी
- 3 लाख 31हजार 429 वोटर करेंगे मतदान
- पुरुष मतदाता - 1 लाख 68हजार 225
- महिला मतदाता- 1लाख 63 हजार 230

### मोकामा उपचुनाव

- 175 भवनों में 289 मतदान केंद्र बनाए गए
- सभी भवनों में अर्धसैनिक बल के जवान रहेंगे तैनात
- 2 लाख 70 हजार कुल मतदाता
- पुरुष मतदाता- 1 लाख 42 हजार 425
- महिला मतदाता- 1 लाख 28 हजार 327

### मोकामा विधानसभा का गणित

इस सीट पर भूमिहार वोटरों का वर्चस्व है। साथ ही पूर्व विधायक अनंत सिंह भी भूमिहार जाति के ही हैं। पिछले चार बार से मोकामा चुनाव वह जीतते आ रहे हैं। विरोधी चाहे कितना भी प्रभावशाली, बड़ा नेता क्यों न हो, अनंत सिंह के आगे मुंह की खा चुका है। अनंत चाहे किसी पार्टी के बैनर तले लड़े हों या फिर निर्दलीय जीत उनकी ही होती आई है। भूमिहार के बाद यहां भूमिहार, ब्राह्मण, कुर्मी, यादव, पासवान वोटरों की तादाद है। वहीं इस सीट पर राजपूत और रविदास जातियों के भी वोटर हैं। लेकिन माना यही जाता है कि जिसके पाले में सवर्ण (भूमिहार-ब्राह्मण, राजपूत) वोट जाएंगे उसकी जीत तय है। मोकामा एकमात्र ऐसी सीट है जहां जातीय समीकरण सबसे ज्यादा हावी रहते हैं। इसके बाद जो कारक सबसे अहम भूमिका निभाता है वो है विधायक की छवि। मोकामा सीट का नाम सुनते ही सबसे पहले दिमाग में जो छवि उभरती है वो है दबंग की।

**केटी न्यूज पटना**

बिहार विधानसभा की दो सीट गोपालगंज और मोकामा में उपचुनाव के लिए तीन नवंबर यानी गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। 3 नवंबर को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान होगा। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने को लेकर प्रशासन अलर्ट है। इसी कड़ी में मतदान केंद्र पर मोबाइल फोन ले जाना पर रोक लगा दी गई है। वहीं मतदान देने के बाद तुरंत लोगों को घर वापस पहुंचने का दिशा निर्देश जारी किया गया है। गोपालगंज उपचुनाव को लेकर कुल 9 ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से 16 अर्ध सैनिक बलों की कंपनियों को लगाया गया है। कुल 3 लाख 31हजार 429 वोटर मतदान करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 68हजार 225 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1लाख 63 हजार 230 है। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 11 थर्ड जेंडर भी मतदान करेंगे। डीएम ने कहा कि जिले में कुल 330 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 40 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

**बीजेपी का गढ़ रहा है गोपालगंज, सेंधमारी की तैयारी में राजद :** नीतीश कुमार के बीजेपी का साथ छोड़कर तेजस्वी यादव से हाथ मिलाने के बाद हो रहा उपचुनाव काफी रोचक माना जा रहा है। गोपालगंज बीजेपी का गढ़ रहा है। वर्ष 2005 से ही यहां बीजेपी की सीट से सुभाष सिंह लगातार तीन बार से जीतते आ रहे थे। उनके आकस्मिक निधन के कारण यह सीट खाली हुई है। ऐसे में बीजेपी ने उनकी पत्नी कुसुम देवी पर दांव लगाया है। वहीं महागठबंधन की ओर से लगभग दो दशक बाद वैश्य वर्ग के उम्मीदवार को उतारा गया है। यहां से मोहन गुप्ता जीत के लिए अपनी ताल ठोक रहे हैं। गोपालगंज में करीब 20 सालों से बीजेपी का कब्जा है। इसके पीछे बीजेपी का मजबूत वोटों का समीकरण है। गोपालगंज में करीब 46 हजार वोटर यादव हैं, जबकि 5800 के करीब मुस्लिम वोटर हैं। उनका योग एक लाख से ज्यादा है। ये आरजेडी के कोर वोट बैंक माने जाते हैं। इसके बाद भी बीजेपी यहां जीतने में इसलिए कामयाब रही है कि उसके साथ करीब 55 हजार सवर्ण वोट और 50 हजार से ज्यादा पिछड़ा वोट है। आरजेडी ने वैश्य जाति के उम्मीदवार को मैदान में उतार कर बीजेपी की कोर वोट बैंक में सेंधमारी की पूरी तैयारी की हैं। जबकि बसपा ने इसे त्रिकोणीय मुकाबला बनाते हुए यहाँ से लालू यादव की सरहज व साधु यादव की पत्नी इंदिरा देवी को प्रत्याशी बनाया है। अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव की भी गोपालगंज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने उन्हें टिकट दिया था। इस चुनाव में 41 हजार 39 वोटों के साथ वे दूसरे नंबर पर रहे थे।

**मोकामा में इस बार दो बाहुबलियों की पत्नी आमने-सामने**

मोकामा उपचुनाव को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। इस चुनाव में कुल 175 भवनों में 289 बूथ बनाये गए हैं। सभी भवनों में अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर दी गई है। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियां तैनात की गई हैं। जिले में बूथ सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। मतदान केंद्र वाले एक या दो भवनों पर पेट्रोलिंग पार्टी की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक 5 सेक्टर में एक जोन बनाया गया है। 32 लोगों को जिलाबदर किया जा चुका है। चुनाव को देखते हुए हथियार जमा करा लिये गए हैं। मोकामा विधानसभा में 2 लाख 70 हजार से कुछ अधिक वोटर हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 42 हजार 425 व महिला मतदाता 1 लाख 28 हजार 327 है। मोकामा की राजनीति में बाहुबली अनंत सिंह का वर्चस्व है। वह यहां पिछले 18 सालों से चुनाव जीतते आ रहे हैं। वह कभी जदयू तो कभी राजद की सीट से जीत रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार बनकर भी उन्होंने चुनाव में जीत दर्ज की है। वहीं भाजपा ने इसबार 1995 के बाद अपना उम्मीदवार उतारा है। 1995 में भाजपा ने आखिरी बार प्रमोद कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा था। उसके बाद से अभी तक बीजेपी ने गठबंधन के तहत दूसरे घटक दल को ही ये सीट सौंपा है। अब जदयू भाजपा से अलग है जिसके बाद इस सीट पर बीजेपी ने अपना उम्मीदवार दिया है।

**अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता खत्म होने के कारण हो रहा उपचुनाव**

एके 47 मामले में जेल में बंद अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता खत्म होने के कारण यह उपचुनाव हो रहा है। बिहार में सियासी उलटफेर के बाद अब जदयू और राजद एक हैं। महागठबंधन ने अनंत सिंह की पत्नी को ही उम्मीदवार बनाया है। मोकामा विधानसभा उपचुनाव 2022 बेहद दिलचस्प होने की संभावना है। यहां दो बाहुबलियों की पत्नी आमने-सामने है। राजद ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को टिकट थमाया है तो भाजपा ने अनंत सिंह के खिलाफ ताल ठोकते रहने वाले ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है। मोकामा की सियासत में अनंत सिंह का सिक्का चलता है. जहां उन्हें लोग छोटे सरकार के नाम से जानते हैं. ये बातें तब सही साबित होती है जब इतिहास का पन्ना इस सीट का पलटा जाए. अनंत सिंह 18 सालों से मोकामा के विधायक रहे हैं. इस दौरान उन्होंने कभी राजद तो कभी जदयू का दामन थामा. तो कभी वो निर्दलीय भी मैदान में उतरे. लेकिन हरबार उन्हें जीत ही मिली. यहां तक कि विधानसभा चुनाव 2020 में वो जेल में ही बंद थे लेकिन जीत ही दर्ज की. उधर भाजपा इस सीट पर 27 साल बाद प्रत्याशी मैदान में उतार रही है.

**सात दशक से इस सीट पर कांग्रेस और जनता दल का कब्जा**

बता दें कि सात दशक से इस सीट पर कांग्रेस और जनता दल से जुड़े विधायकों का ही कब्जा रहा है। 1990 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा. 1990 से 2000 तक यहां जदयू के दिलीप सिंह विधायक रहे. 2000 में निर्दलीय उम्मीदवार बनकर सूरजभान सिंह ने जीत दर्ज की। उसके बाद से अनंत सिंह का ही इस सीट पर लगातार कब्जा रहा है। वर्तमान भाजपा प्रत्याशी भी अनंत सिंह से पहले हार चुकी हैं।

# छठ के दौरान नदी, तालाब में डूबने से 42 लोगों की मौत

- सीएम ने की घोषणा- मृतकों के परिवारों को दिए जाएंगे चार-चार लाख रुपये

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में छठ महापर्व के दौरान नदी, तालाब और पोखरे में डूबने से 42 लोगों की जान चली गई। एसडीआरफ ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छठ के दिन 42 लोगों की मौत पर गहरा दुख जताते हुए संबंधित जिले के जिलाधिकारियों को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और पीड़ित परिवारों को चिन्हित कर जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। नीतीश कुमार ने परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। जांच के बाद जिलाधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय में रिपोर्ट सौपेंगे। हादसे के कारणों की छानबीन की जाएगी और घटनास्थल पर एसडीआरएफ की टीम की तैनाती की भी जांच की जाएगी। बिहार राज्य आपदा मोचन बल के अनुसार छठ पूजा के दौरान कुल 42 लोगों की डूबने से मौत हुई है।

एसडीआरएफ अधिकारियों ने बताया कि 30 अक्टूबर को छठ पूजा के दिन पूर्णिया जिले में 5 , पटना, समस्तीपुर, सहरसा और मुजफ्फरपुर में 12, वहीं गया, बेगूसराय, कटिहार, बक्सर, कैमूर, सीतरही और बांका में 7 लोगों की डूबने से मौत हो गयी। छठ पूजा के अगले दिन 31 अक्टूबर को बिहार के अलग जिलों में 18 लोगों की डूबने से मौत हुई। मृतकों में ज्यादातर संख्या युवकों की है। छठ पूजा के बाद नदी और तालाब में नहाते समय हादसा हुआ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छठ पूजा के दौरान डूबने से 42 लोगों की मौत पर दुख जताया है।

# किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड में सनकी पति ने पत्नी को मौत के घाट उतारा

**केटी न्यूज/पटना**

किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड के गांगी गांव की महिला निसरत जहां (20) की उसके पति रब्बानी आलम ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी। निसरत जहां का शव बुधवार की सुबह किशनगंज प्रखंड केसिंघिया कुलामनी गांव में एक ईंट भट्ठा के पास संदिग्ध स्थिति में मिला। मृतक बहादुरगंज के गांगी की रहने वाली थी। उसका मायका किशनगंज प्रखंड की हालामाला पंचायत के हालामाला गांव में था। इधर मामले के आरोपी रब्बानी आलम ने किशनगंज प्रखंड केहालामाला गांव निवासी रब्बानी आलम ने किशनगंज थाना में सरेंडर कर दिया। निसरत जहां का शव को देख वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही किशनगंज सदर थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह के नेतृत्व में सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों के सहयोग से शव की शिनाख्त की गई। शव को पुलिस अभिरक्षा में पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतका की मां अंजुमा व अन्य परिजन किशनगंज सदर अस्पताल पहुंचे। बेटी के शव को देखते ही मृतका की मां दहाड़ मार कर रोने लगी। मृतका की मां अंजुमा ने बताया कि दो वर्ष पूर्व ही बेटी की शादी की थी। उन्होंने बताया कि रब्बानी अपनी पत्नी को मेला घुमाने के बहाने ले गया था। इसके बाद बुधवार की सुबह महिला का गला रेता हुआ शव मिला। एसडीपीओ अनवर जावेद अंसारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है।

# किशनगंज जिले के गलगलिया बॉर्डर से पाकिस्तानी महिला गिरफ्तार

**एजेंसी/पटना**



भारत नेपाल सीमा से सटे बिहार के किशनगंज जिले में एसएसबी और पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में एक संदिग्ध पाकिस्तानी महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला की गिरफ्तारी किशनगंज जिले के गलगलिया बॉडर से हुई है। महिला नेपाल जाने की तैयारी में थी। आरोपी से जब पूछताछ की गई तो वह कोई भी जवाब सही से नहीं दे पाई। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशनगंज एसपी डॉ इनामुल हक मेंगनू ने बताया की यह महिला पाकिस्तान की रहने वाली है। लेकिन, महिला ने अमेरिका के कैलिफॉर्निया की नागरिकता ले ली है। एसपी डॉ इनामुल हक मेंगनू ने बताया की महिला का वीजा समाप्त हो गया है। इससे पहले भी महिला उत्तराखंड में गिरफ्तार हो चुकी है। उसे 11 महीने जेल में भी रखा गया है। एसपी डॉ इनामुल हक ने बताया कि कोलकाता स्थित यूएस दूतावास सहित अन्य स्थानों पर सूचना भेजी जा रही है। महिला का नाम फरीदा मालिक है, जिससे फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है।

# गैंगस्टर विकास दुबे की 10 करोड़ से ज्यादा रुपये की बेनामी संपत्ति जब्त

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर विकास दुबे की 10 करोड़ से ज्यादा रुपये की बेनामी संपत्ति जब्त की है। इसे उसने अपने रिश्तेदारों व सहयोगियों के नाम पर खरीदा था। ये संपत्तियां कानपुर और आसपास के इलाकों में स्थित हैं। तलाशी अभियान के दौरान ईडी को दुबे की 28 से अधिक अवैध संपत्तियां मिली थीं। दुबे अपनी पत्नी ऋचा दुबे, रिश्तेदारों समेत जयकांत व उनके रिश्तेदारों के नाम पर जमीन पर कब्जा करता था। विकास दुबे तीन जुलाई 2020 के बिकरू नरसंहार का मुख्य आरोपी था। इसमें उसके घर पर छापा मारने गए आठ पुलिसकर्मियों की उसने और उसके सहयोगियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के एक हफ्ते के भीतर विकास दुबे और उसके गिरोह के पांच सदस्य पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए। ईसीआईआर दर्ज करने के बाद ईडी ने संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अर्जित अवैध लाभ से संपत्ति खरीदने आदि के अपराध में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने के लिए पीएमएलए-2002 के तहत आगे की जांच शुरू की।

# उत्तर प्रदेश के घूसखोर अधिकारी का डिमोशन, डीएसपी से बनाए गए इंस्पेक्टर

**एजेंसी/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गई है जिसे लोग नजीर बता रहे हैं। रिश्वत लेने वाले अधिकारी पर सीएम योगी के कड़े रुख के बाद सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हो रही है। मामला रामपुर का है, जहां गैंगरेप के मामले को पैसा लेकर रफा-दफा करने के मामले में सीओ सिटी विद्या किशोर शर्मा पर सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। सीओ सिटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। रामपुर के एक अस्पताल चलाने वाले व्यक्ति पर एक महिला ने गैंगरेप का आरोप लगाया था। सीओ सिटी ने पहले तो एफआईआर लिखने में आनाकानी की, इसके बाद मामला तूल पकड़ा तो एफआईआर लिखी गई। अस्पताल संचालक ने खुद को बेगुनाह बताते हुए पुलिसकर्मियों को कुछ सबूत भी दे दिए थे। इसके बाद सीओ सिटी मामले को खत्म करने के बदले पांच लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहे थे। इस केस से जुड़ा एक ऑडियो और एक वीडियो वायरल हुआ था। मामला लखनऊ पहुंचा, विद्या किशोर शर्मा की शिकायत की गई। गृह विभाग की तरफ से विद्या किशोर शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया। हालांकि कुछ लोगों ने लखनऊ में इस बात की भी शिकायत उच्च अधिकारियों से की कि इस मामले में एसपी भी शामिल हैं। इस शिकायत के बाद सेंट्रल विजिलेंस ने विद्या किशोर शर्मा और आईपीएस शगुन गौतम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी, जांच अभी भी चल रही है। भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर सरकार ने विद्या किशोर शर्मा को डिमोट कर दरोगा बना दिया है।

**ट्विटर पर बोले लोग, भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती जरूरी :** हजारों ऐसे कर्मचारी हैं जो करोड़ों रुपया दबाए बैठे हैं, जिसमें टॉप ब्यूरोक्रेट्स भी हैं। सबसे पहले उन पर कार्रवाई करने की जरूरत है, बाद में छोटे लोगों पर। पराभव ने लिखा कि घूस देकर नौकरी मिली होगी, इसलिए घूस ले रहा था। एक यूजर ने कहा कि भ्रष्ट अपराधियों पर अगर तुरंत कार्रवाई हो जाए तो कुछ हद तक इनके द्वारा की जा रही लूटपाट को रोका जा सकता है! ट्विटर पर एक यूजर ने सीएम योगी के इस फैसले पर लिखा कि छोटे-छोटे से अधिकारियों पर कार्रवाई करने से अच्छा है कि उन बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए तो छोटे अधिकारियों को पैसा लेने पर मजबूर करते/ छूट देते हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि जब योगी जी सीएम बने है, ऐसे कई फैसले हुए जिससे लोगों को खुशी मिली है लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ और कदम उठाये जाने की जरूरत है क्योंकि यह खत्म नहीं हो रहा है।

# ज्ञानवापी मस्जिद मामले में वाराणसी जिला कोर्ट में 11 नवंबर को सुनवाई

**एजेंसी/वाराणसी**

ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे की मांग को लेकर बुधवार को हुई सुनवाई के बाद वाराणसी जिला कोर्ट ने 11 नवंबर को सुनवाई के लिए अगली तारीख तय की है। मई में एडवोकेट कमिश्नजर द्वारा किए गए सर्वे के दौरान तहखाने और ईंटों से बंद कर दिए गए कमरों और मिट्टी में पाटे गए हिस्सोंं का सर्वे नहीं हो पाया था। हिंदू पक्ष ने इसी वजह से अदालत में दोबारा ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कराने की मांग की है। दरअसल मई में समूचे परिसर में सर्वे करने का कोर्ट का आदेश मिलने के बाद एडवोकेट कमिश्न र ने सर्वे की कार्रवाई शुरू की थी। इसके अलावा तहखाने सहित कुछ जगहों पर मिट्टी भरी हुई थी जिसकी वजह से समूचे ज्ञानवापी परिसर का सर्वे नहीं हो पाया था। ऐसे में हिंदू पक्ष शुरूआती सर्वे में हिंदू मंदिर होने के साक्ष्य को पुख्ता करने के लिए इन हिस्सों के सर्वे की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी मंदिर में नियमित पूजा और दर्शन के लिए राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की ओर से कोर्ट में याचिका डाली गई है।


जीयर स्वामी

चंचलता को रोका नहीं जा सकता है, लेकिन इसे मोड़ा जा सकता है।



## छोटी खबरें

### सड़क हादसे में मां-बेटा जख्मी, एक पटना रेफर

**आरा।** आरा-मोहनियां हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के पास बुधवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसमें महिला की स्थिति नाजुक बनी है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं उनके पुत्र का इलाज आरा में कराया जा रहा है।? घायलों में बक्सर जिला के बगेन गांव निवासी पिंटू यादव की 25 वर्षीया पत्नी छोटी देवी और 3 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार शामिल है। परिजन ने बताया कि बुधवार शाम पिंटू यादव बाइक से अपने बेटे धीरज कुमार इलाज करने के लिए जगदीशपुर स्थित डॉक्टर के पास जा रहा थी। उसी दौरान दुलौर गांव के समीप उसकी पत्नी की साड़ी बाइक के चक्का में फंस गई। इससे वह असंतुलित होकर अपने बेटे के साथ बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद छोटी देवी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

### सहायिका का सुगर लेवल बढने और चली गयी जान

**आरा।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव में बुधवार की दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ने से एक आंगनबाड़ी सहायिका की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत सहायिका उदयभानपुर गांव निवासी जीउत राम 40 वर्षीयया पत्नी राधिका देवी थी। वह पश्चिमी गुंडी पंचायत के वार्ड नंबर 5 स्थित आंगनबाड़ी में सहायिका के पद पर कार्यरत थी। उनके पति जीउत राम ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपने घर पर बैठी थी। तभी अचानक उनकी तबीयत काफी बिगड़ गयी। उनका शुगर लेवल काफी बढ़ गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए तत्काल आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार अधेड़ जख्मी

**आरा।** बिहिया चौरस्ता के पास बुधवार की शाम अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार एक अधेड़ को ठोकर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# आरा कोर्ट बम कांड में लंबू शर्मा के खिलाफ नये सिरे से आरोप गठित

- आरोप गठन को लेकर आरा की अदालत में हाजिर हुआ लंबू शर्मा
- हाईकोर्ट के आदेश पर पूर्व के सजा के बिंदु के आधार पर गठित किया आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

हाईकोर्ट के आदेश पर आरा कोर्ट बम ब्लास्ट कांड के मुख्य आरोपित कुख्यात लंबू शर्मा के खिलाफ नये सिरे से आरोप का गठन किया गया। पूर्व में मिली सजा के बिंदु के आधार पर उसके खिलाफ आरोप गठित किया गया। एडीजे आठ के कोर्ट द्वारा आरोप गठित किया गया। इस मामले को लेकर लंबू शर्मा बुधवार को कोर्ट में हाजिर हुआ था। इसके लिए उसे कड़ी सुरक्षा में अररिया कोर्ट से आरा लाया गया था। कोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट की ओर से बम कांड के आरोपित पूर्व में मिली सजा के आधार पर लंबू शर्मा के खिलाफ नये सिरे से आरोप गठित करने का आदेश दिया गया था। बताते चलें कि कोर्ट ब्लास्ट कांड में लंबू शर्मा को आरा की अदालत द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी। उसके खिलाफ लंबू शर्मा की ओर से हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। उस मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट द्वारा पूर्व की सजा की बिंदु पर अलग से चार्ज करने का आदेश जारी किया गया था। उसी आदेश के आलोक में बुधवार को एडीजे आठ द्वारा लंबू शर्मा के खिलाफ आरोप गठित किया गया। बता दें कि 23 जनवरी 2015 को आरा कोर्ट में बम ब्लास्ट हुआ था। उसमें एक जवान शहीद हो गया था। जबकि बम लेकर कोर्ट पहुंची महिला की मौत हो गयी थी। ब्लास्ट में करीब डेढ़ दर्जन लोग जख्मी हो गए थे। ब्लास्ट के बाद लंबू शर्मा अपने साथी के साथ कोर्ट से भाग गया था। उस मामले में लंबू शर्मा और उसके साथी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में पुलिस की अनुसंधान में अन्य लोगों का भी शाम आया था। उस मामले में लंबू शर्मा को आरा कोर्ट द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी।


लंबू शर्मा की फाइल फोटो

**लंबू के कहने पर बैग में विस्फोटक रख लेकर आई थी महिला :** इस मामले में कुल 11 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र गठित किया गया था। कोर्ट परिसर में उत्तर प्रदेश की एक महिला नगीना देवी के बैग में बम विस्फोट किया गया था। नगीना के चिथड़े उड़ गए थे। जबकि जख्मी सिपाही अमित कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बम ब्लास्ट के दौरान लंबू शर्मा और अखिलेश उपाध्याय को पुलिस पेशी के लिए कोर्ट में लेकर आई थी। जेल में बंद लंबू शर्मा ने धमाके की साजिश रची। उसके कहने पर नगीना देवी बम लेकर कोर्ट पहुंची और धमाका किया। धमाका होने पर मची अफरा-तफरी का फायदा उठाते हुए लंबू शर्मा और अखिलेश उपाध्याय फरार हो गए थे। लंबू शर्मा को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। बाद में अखिलेश उपाध्याय भी गिरफ्तार हो गया था।

# सिंगही हत्याकांड : आरोपितों के घर की छानबीन को लेकर बिगड़ा मामला, थानाध्यक्ष से हाथापाई

- पुलिस पर आरोपितों से मिलीभगत और साक्ष्य मिटाने का आरोप, लोगों ने जमकर किया हंगामा
- पुलिस के साथ आये मौके पर मौजूद दो युवकों की लोगों ने की पिटाई
- आरोपितों के घर से पिस्टल, गोली, खोखा, दाब और चाकू बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

शहर से सटे नगर थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही हत्याकांड के खिलाफ बुधवार को खूब बवाल मचा। आरोपितों के घर जांच करने पहुंची पुलिस पर सबूत मिटाने का आरोप लगा पीड़ित पक्ष के लोगों द्वारा जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई की गयी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को बंधक बनाये जाने की भी बात कही जा रही है। वहीं पुलिस के साथ रहे दो युवकों की पिटाई भी कर दी गयी। दोनों युवक हत्या के आरोपित पक्ष के रिश्तेदार बताये जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़ित पक्ष के लोगों द्वारा थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मियों पर आरोपितों से मिले होने, हत्या का साक्ष्य मिटाने, हथियार हटाने का प्रयास और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया जा रहा था। उसे लेकर सिंगही गांव में देर तक अफरातफरी मची रही। बाद में एएसपी हिमांशु और डीएसपी हेड क्वार्टर विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में नवादा और मुफस्सिल सहित आधा दर्जन थानों की पुलिस के साथ पहुंची। उसके बाद मामले को शांत कराया गया। पीड़ित पक्ष के लोगों की एसपी से भी बात करायी गयी। उसके बाद एसपी के आश्वासन पर एएसपी की मौजूदगी में आरोपितों के घर की तलाशी ली गयी। उस दौरान पिस्टल, गोली, खोखा चाकू और दाब आदि बरामद किया गया है। एएसपी द्वारा थानाध्यक्ष को बंधक बनाये जाने से इनकार किया जा रहा है। **उनका कहना है कि गलतफहमी के कारण घटना हुई है। पीड़ित पक्ष की ओर से लगाये जा रहे आरोपों की जांच की जा रही है। एएसपी द्वारा हथियार की बरामदगी की पुष्टि की गयी है।**


हंगामे के बाद पहुंची पुलिस फोर्स

### सादे लिबास में आरोपितों के घर पहुंची थी पुलिस

पूरा मामला सादे लिबास में अज्ञात लोगों के साथ पुलिस द्वारा आरोपितों के घर की तलाशी लिये जाने को लेकर बिगड़ गया। हालांकि दोनों पक्षों द्वारा अलग-अलग तर्क दिया जा रहा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि थानाध्यक्ष हत्या का सबूत मिटाने और हथियार हटाने बदमाशों को लेकर आये थे। इधर, पुलिस का कहना है कि घटना की सीन रिक्रियेट करने और घर की तलाशी लेने पहुंची थी।
इस संबंध में मृत ढेमन उर्फ विवेक कुमार सिंह के चाचा का कहना है कि थानाध्यक्ष आरोपितों से मिले हुए हैं। बुधवार को थानाध्यक्ष सादे लिबास में पुलिस जवानों के साथ आये थे। उनके साथ दो महिला और चार बदमाश भी थे। बिना उनलोगों को सूचना दिये ही पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं द्वारा आरोपितों के घर का ताला खोल खून को साफ किया जा रहा था। ताकि हत्या के साक्ष्य को मिटाया जा सके। थानाध्यक्ष को ऐसा करने से मना किया गया और वरीय अफसरों की मौजूदगी में आरोपितों के घर की तलाशी लेने की बात कही गयी, तो केस में फंसाने की धमकी दी गयी व दुर्व्यवहार किया गया। बात बिगड़ते देख आते देख थानाध्यक्ष द्वारा दो युवकों को भगा दिया गया। इधर, एएसपी का कहना है घटना का सीन रिक्रियेट करने, स्थल वेरिफिकेशन करने और तलाशी लेने के लिए पुलिस आरोपितों के घर की गयी थी। लेकिन पीड़ित पक्ष को कुछ गलतफहमी हो गयी। उसके कारण मामला बिगड़ गया।


युवक को पकड़ कर ले जाती पुलिस

**युवक बोला: बहन के कहने पर आया था घर में ताला बंद करने :** सिंगही गांव में भीड़ के हत्थे चढ़ा युवक अपने को डूमरा गांव का रहने वाला सुजीत कुमार बात रहा था। उसका कहना था कि वह बुधवार की सुबह अपनी बहन के कहने पर घर में ताला बंद करने आया था। तभी लोगों द्वारा पकड़ लिया गया और पिटाई कर दी गयी। उसका कहना था कि उसकी एक बहन थाने में बंद है। उसने ही अपने घर में ताला लगाने के लिए भेजा था। वह अकेले ही ऑटो से छोटकी सिंगही आया था। उसकी एक बहन पहले ही वहां आयी थी। बता दें कि पीड़ित पक्ष के लोगों द्वारा पुलिस के साथ आये दो युवकों को पकड़ लिया था।

**जांच में फॉरेंसिक टीम की भी ली जायेगी मदद :** पुलिस सिंगही हत्याकांड की तकनीकी तरीके से भी जांच कर रही है। इसमें फॉरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है। एएसपी हिमांशु के अनुसार फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम बुलायी गयी है। टीम घटना स्थल पर गिरे खून के धब्बे आदि की जांच करेगी। बता दें कि आरोपित ऋतिक सिंह के घर के दरवाजे पर घटना को अंजाम दिया गया था। ऐसे में घटनास्थल पर खून के धब्बे आदि भी गिरे थे। उस आधार पर पुलिस साक्ष्य जुटाने में लगी है।

**मूर्ति विसर्जन के दौरान उपजे विवाद के बाद हत्या को ले मचा हैं बवाल :** शहर से सटे छोटकी सिंगही गांव में सोमवार को भगवान सूर्य की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दो पक्षों में उपजे विवाद के बाद हिंसक झड़प हो गयी थी। उस दौरान एक पक्ष के एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। वहीं दो चचेरे भाइयों अभिषेक सिंह और सागर सिंह को गोली मार दी गयी थी। दोनों की स्थिति गंभीर है और अभी इलाज चल रहा है। तीनों घटना के समय ऋतिक सिंह की शिकायत करने उसके घर गये थे। वहीं तीनों पर हमला कर दिया गया था। हत्या और गोलबारी का आरोप गांव के ही ऋतिक सिंह सहित अन्य पर लगा है। इस मामले में ऋतिक सिंह की मां सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके बाद से ही गांव में तनाव और हंगामा मचा हुआ है। मंगलवार को भी हत्या के खिलाफ सड़क जाम और हंगामा किया गया था।

## एक नजर

### अक्षय नवमी पर आंवला पेड़ की पूजा अर्चना की परंपरा है : पंडित ब्रजेश्वर मिश्र



**अरवल।** जिले में अक्षय नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की और आंवला वृक्ष का भी पूजन किया और अपने और अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि और निरोग रहने की कामना की। आंवला पेड़ की पूजन सुहागन महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से किया। साथ ही, कई जगहों पर महिलाओं का समूह पूजा स्थल के आसपास भोजन बनाती दिखी। उसके बाद आंवला पेड़ की छांव में बैठकर लोगों ने प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया। पंडित ब्रजेश्वर मिश्र ने बताया कि आंवला नवमी पर आंवला पेड़ की पूजा अर्चना की परंपरा है। इस दिन की वैदिक मान्यता है कि इस दिन किए गए दान और पुण्य की कार्य का फल का नाश कभी नहीं होता, बल्कि जन्म जन्मांतर मिलता रहता है। इसलिए इससे अक्षय नवमी व्रत कहते है जो कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गोमुख धारा अर्पण विधि से आंवला पेड़ की पूजा करने और इसके नीचे भोजन करने की विधान है। पंडित ब्रजेश्वर मिश्र ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर भोजन करने से अक्षय सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही, भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा से आरोग्य फल की भी प्राप्ति होती है। इसका लाभ आम लोगों को मिल सके। इसीलिए यह पर्व मनाया जाता है। आंवला नवमी पर दान पुण्य के साथ आंवला पेड़ की पूजा करने और उसकी छांव में भोजन करने का विशेष महत्व है। क्योंकि शास्त्र अनुसार नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का वास आंवले की पेड़ पर रहता है और इस दौरान नवमी तिथि पर आंवले के पेड़ की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरे होते हैं। संतान प्राप्ति के साथ जन आरोग्य का भी वरदान प्राप्त होता है। मान्यता यह भी है की अक्षय नवमी पर विधि- विधान के साथ पूजा अर्चना करने से सभी इच्छाएं पूर्ण होती है, इसलिए इसे इच्छा नवमी भी कहते हैं। बुधवार को सुबह से ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में आवला के पेड़ के नीचे महिलाओ की भीड़ देखी गई।

### परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर डीएम ने की बैठक



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 एवं वार्षिक, माध्यमिक परीक्षा 2023 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं उसके साथ संबंद्धन हेतु केंद्र चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में केंद्र चयन समिति द्वारा प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों पर विचार विमर्श किया गया एवं जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उसके पश्चात अंतिम रूप से परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया जा सकेगा।

### काम से घर लौट रहे युवक को मारी गोली, अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई मौत

**रोहतास।** रोहतास के फोरलेन जीटी रोड पर बुधवार रात रात अज्ञात अपराधी ने ऑटो सवार युवक की गाली मारकर हत्या कर दी। घटना चेनारी थाना क्षेत्र के सबराबाद गेट के पास घटी। मृतक शिवसागर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का सिकंदर यादव 26 साल बताया जाता है।

बताया जाता हैं कि शिवसागर थाना क्षेत्र के पहाड़ गांव निवासी मुंशी यादव का बेटा सिकंदर कुमार कुदरा से टेम्पो से वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी क्रम में ऑटो में एक अन्य सवार ने उसे गोली मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा गांव के दो युवकों के साथ सबराबाद से टेंपो से लौट रहा था। बताते हैं कि अन्य युवक ऑटो में चढ़ा और कहा कि टेकारी जाना है। वह ऑटो में बैठने के बाद सिकंदर को गोली मार दी। युवकों ने परिजनों को सूचना दी। सभी आनन-फानन में घायल को लेकर सदर अस्पताल, सासाराम ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चेनारी थानाध्यक्ष निर्मल कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियो द्वारा उक्त युवक को गोली मारी गई है, घटना की जानकारी ली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# पोस्टमार्टम के लिए नहीं मिला स्ट्रेचर, तो गोद में शव उठा ले गये विधायक

- पानी में डूबे युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने अस्पताल पहुंचे थे विधायक

**केटी न्यूज/आरा**

विवादों और हंगामे को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले आईएसओ मान्यता प्राप्त भोजपुर के इकलौते सदर अस्पताल में एक फिर सुविधाओं का अभाव दिखा। इस बार अगिआंव विधानसभा के भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल को खुद सुविधाओं की कमी से जुझना पड़ा। एक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने मंगलवार की रात अस्पताल पहुंचे विधायक को स्ट्रेचर नहीं मिल सका। उसके बाद विधायक को खुद शव को गोद में उठा कर पोस्टमार्टम रूम तक ले जाना पड़ा। अस्पताल की कुव्यवस्था से विधायक खासे नाराज दिखे। उन्होंने बकायदा प्रेस बयान जारी कर इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 15-18 सालों में अस्पताल को चौपट कर दिया गया है। अब भाजपा सरकार की तर्ज पर अस्पताल को नहीं चलने दिया जायेगा। दरअसल हुआ यह कि बुधवार को अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के गड़हनी प्रखंड निवासी युवक दानिश हसन नामक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गयी थी।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की गोली मार कर की हत्या

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिले में हत्याओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में अपराधी बेखौफ देखे जा रहे हैं और हत्या को अंजाम दे रहें है। रोहतास जिला के चेनारी थाना अंतर्गत साबराबाद में एक 35 वर्षीय युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान शिवसागर थाना अंतर्गत पहाड़पुर गांव निवासी मुंसी यादव के पुत्र सिकंदर कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि शाम को सिकंदर कुमार गांव के ही दो लड़को के साथ निकला था और गांव के बाहर मुख्य रोड से ऑटो से सबराबाद की ओर जाते हुए देखा गया। 2 घंटे के बाद उसी टेंपो पर उसका शव लाया गया। परिजनों ने बताया कि जिन लोगों के साथ वो बाहर गया था वही लोग ऑटो पर लेकर घर आए और उन लोगों ने बताया कि उसको गोली मार दी गई है। गोली लगने की जानकारी पर परिजन तत्काल उसे सासाराम अस्पताल ले आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

# अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य केंद्रों पर लगेगा नि:शुल्क जांच शिविर

- 14 से 21 नवंबर तक नि:शुल्क जांच सह-चिकित्सा परामर्श सप्ताह का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**

आगामी 14 नवंबर को जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस मनाया जाएगा। साथ ही, चिकित्सकों के द्वारा उन्हें उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह रोग से बचाव के उपायों के अलावा स्वस्थ रहने के लिए सही खान-पान के बारे में जानकारी दी जाएगी। दरअसल इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि मधुमेह दिवस के मौके पर आगामी 14 से लेकर 21 नवंबर तक जिला सहित राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर निःशुल्क जांच शिविर-सह-चिकित्सा परामर्श सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य संस्थानों पर आने वाले लोगों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह रोग की स्क्रीनिंग कराई जाएगी।




इस बाबत बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर राज्य के सभी सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव को निर्देशित किया है। जिसमें कहा गया है कि उक्त अवधि में अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस के अवसर पर राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर निःशुल्क जांच-सह-परामर्श सप्ताह का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय। साथ ही कार्यक्रम के समापन के उपरांत इससे संबंधित फोटोग्राफ आगामी 24 नवंबर तक राज्य के एनपीसीडीसीएस कोषांग के ई-मेल आईडी पर हर हाल में बिना कोई कारण बताए भेजना सुनिश्चित किया जाय।

**शिविर में आवश्यक जांच किट व दवाएं रहेगी मौजूद :** ज्ञात हो कि मधुमेह दिवस के मौके पर जिला के सभी अस्पतालों, अनुमंडलीय व रेफरल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों एवं जीविका के कलस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) पर निःशुल्क जांच-सह-परामर्श सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में इस बीच पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जांच किट व मशीन एवं दवाओं की उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा शिविर में चिकित्सक दल के रूप में तैनात सभी चिकित्सक, स्टाफ, नर्स, पारामेडिकल कर्मी एवं फार्मासिस्ट आदि के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। उक्त अवधि के दौरान चिकित्सक दल के सभी कर्मी ड्रेस कोड में उपस्थित रहेंगे।

**बैनर-पोस्टर, दीवार लेखन व माइकिंग से होगा प्रचार प्रसार :** आगामी 14 से लेकर 21 नवंबर तक चलने वाले मधुमेह सप्ताह के मौके पर आयोजित होने वाले जांच शिविर एवं परामर्श सप्ताह के प्रचार-प्रसार के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों

कुमार अर्थोपेडीक मल्टी स्पेस्लीटी क्लिनीक की ओर से जिलेवासिओं को छठ की हार्दिक शुभकामनाएं



सुविचार


महात्मा गाँधी

सत्य बिना जन समर्थन के भी खड़ा रहता है, वह आत्मनिर्भर है।..

मौसम अधिकतम : 19° न्यूनतम : 16°

सर्राफा 22 कैरेट : 47750 24 कैरेट : 51380

सूचना चक्की में नाली विवाद में चली गोली...

केशव टाइम्स

बक्सर, 03 नवम्बर 2022

बक्सर

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## छोटी खबरें

### दहेज प्रताड़ना में पुलिस ने भेजा सास को जेल

**सिमरी।** दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में विवाहिता की मां राजकुमारी देवी पति शिव बली बिन्द ग्राम जविनिया पोस्ट दामोदरपुर थाना शाहपुर द्वारा सिमरी थाना क्षेत्र के रामदास राय के डेरा ओपी में लिखित एफआईआर दर्ज कराया गया है। दर्ज एफआईआर में राजकुमारी देवी ने बताया है कि उनकी बेटी पूनम की शादी 4 जून 2021 को अभिलाष के डेरा निवासी दिनेश बिंद से हुई है। पति दिनेश बिंद के अलावे देवर अखिलेश बिंद सास लालमणि देवी ससुर भुवनेश्वर बिन द्वारा दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा है। शिकायत के आलोक में स्थानीय पुलिस ने विवाहिता के ससुराल पक्ष के यहां कार्रवाई करते हुए सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस सेक्शन के बाद अन्य सारे आरोपित घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस का दावा है कि फेसबुक भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, दो जख्मी

**बक्सर।** इटाढ़ी बक्सर मुख्य मार्ग पर हरपुर जयपुर गांव के सामने कार व बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि बाइक चालक समेत एक अन्य महिला जख्मी हो गई है। घटना को अंजाम दे कार चालक अपना वाहन छोड़ भागने में सफल रहा। मृतका अतवरिया देवी राजपुर थाना क्षेत्र के सोनपा गांव की रहने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी बेटी सोनी देवी तथा दामाद संतोष कुमार के साथ एक ही बाइक पर बैठ बसंतपुर गांव जा रही थी। इसी दौरान हरपुर जयपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे अतवरिया की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बेटी व दामाद भी आंशिक रूप से जख्मी हुए है। इटाढ़ी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है जबकि चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### अक्षय नवमी पर परंपरागत तरीके से हुई आंवला वृक्ष की पूजा

**डुमरांव।** बुधवार को अक्षयनवमी का त्योहार धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने परंपरागत तरीके से आंवला वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उसके नीचे कई तरह के प्रसाद बना उसे श्रद्धालुओं के साथ ग्रहण किया। मान्यता है कि इस दिन आंवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु का वास होता है।

# जलभरी व कलाश यात्रा के साथ सिमरी में शुरू हुआ श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ

- गाजे बाजे के साथ आकर्षण के केन्द्र रहे कतारबद्ध हजारों श्रद्धालु
- हाथ में कलश ले महायज्ञ स्थल से गंगा घाट तक पैदल पहुंचे श्रद्धालु

**केटी न्यूज/सिमरी**


फोटो : कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

बुधवार को सिमरी रामोपट्टी में आयोजित हो रहे श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का कलश यात्रा निकाला गया। हाथों में कलश लिए हजारों श्रद्धालु महायज्ञ स्थल से कतारबद्ध हो निकले। उनके आगे-आगे परम पूज्य श्री गंगापुत्र श्री लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज व चर्चित कथा वाचक पूज्य देवकीनंदन भारद्वाज जी महाराज के साथ साधु संत व वैदिक ब्राह्मण चल रहे थे। पीछे से हाथों में कलश लिए हजारों श्रद्धालु नर-नारी जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। गांव का भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं का कारवां ग्राम देवी मां काल रात्रि मंदिर पहुंचा। वहां मां काली का पूजन अर्चन कर बड़का गांव नगरपुरा के रास्ते केशोपुर गंगा घाट पहुंचा। वहां से कलश में पवित्र गंगाजल भरने के बाद श्रद्धालु वापस महायज्ञ स्थल पहुंचे। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष तथा पूज्य गंगापुत्र जी के जयकारे से माहौल भक्तिमय बन गया था। ग्रामीणों द्वारा जगह जगह जलभरी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया जा रहा था। वहीं जलभरी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा के दौरान गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे। जैसे जैसे उनका जत्था आगे बढ़ते जा रहा था, वैसे वैसे भीड़ बढ़ती जा रही थी। महायज्ञ की शुरूआत होने से ग्रामीणों का उत्साह भी चरम पर पहुंच गया है। बता दें कि यह महायज्ञ श्री गंगापुत्र जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। सैकड़ो श्रद्धालु कलश रख महायज्ञ में यजमान बनेंगे।

**गुरूवार को किया जाएगा अरणी मंथन व पंचांग पूजन :** पूज्य श्री गंगा पुत्र जी महाराज ने बताया कि गुरुवार को अरणी मंथन व पंचांग पूजन कर इस महायज्ञ की विधिवत शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ग्रामीणों का उत्साह व आस्था देखने को मिल रही है वह महायज्ञ की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों के परिश्रम की सराहना भी की तथा बताया कि सिमरी के ग्रामीणों की श्रद्धा भावना के कारण ही वे यहा यज्ञ कराना स्वीकार किए है।

**देवकीनंदन भारद्वाज जी महाराज के कथामृत का श्रवण करेंगे श्रद्धालु :** महायज्ञ के दौरान होने वाले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही देश के चर्चित कथा वाचक पूज्य श्री देवकीनंदन भारद्वाज जी महाराज के मुखारबिंदु से प्रत्येक दिन कथामृत का पान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। इसके अलावे दिन में रामलीला तो रात में रासलीला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महायज्ञ आयोजन समिति के अग्रणी डा हिमांशु पांडेय, तिलकधारी पांडेय, डॉ. अरबिंद पांडेय व डॉ. आलोक पांडेय आदि ने बताया कि महायज्ञ तथा प्रत्येक दिन होने वाले रामलीला व रासलीला की तैयारी पूरी कर ली गई है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने कहा कि यहा महायज्ञ काफी भव्य हो रहा है तथा दूर दूर से श्रद्धालु हर दिन कथा श्रवण करने तथा परिक्रमा करने आएंगे। सात नवंबर को पूणार्हूति व विशाल भंडारे के साथ यह महायज्ञ संपन्न होगा।

# चक्की में नाली विवाद में चली गोली एक जख्मी, हालत गंभीर, पटना रेफर

- झारखंड में होमगार्ड जवान है जख्मी, छठ में आया था गांव

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल के भरियार ओपी थाना क्षेत्र के चक्की भोला डेरा में बुधवार को तड़के नाली के विवाद में एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को गोली मार जख्मी कर दिया गया है। गोली चलने के बाद वहा अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में उसे इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। उसका इलाज करने वाले डाक्टरों बताया कि गोली उसके पेट में लगी है तथा आरपार हो गई है। अधिक खून गिरने से उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। जख्मी त्रिलोकी यादव उम्र 45 वर्ष अंबिका यादव का पुत्र है तथा झारखंड में बतौर होमगार्ड का जवान है। वह छठ में अपने गांव आया था। इसी दौरान यह घटना हो गई।

**होमगार्ड जवान के पेट में लगी गोली :**

मिली जानकारी के अनुसार चक्की भोला डेरा के साधु यादव व अंबिका यादव के परिवार के बीच वर्षों से नाली का विवाद चल रहा था। बुधवार को सुबह करीब छह बजे इसी विवाद में दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। पहले तो कहा सुनी शुरू हुई। इसी दौरान एक पक्ष द्वारा गोलीबारी शुरू कर दिया गया। जिसमें एक गोली त्रिलोकी के पेट में लग गई। गोली चलते ही लोग वहां से भाग खड़े हुए जबकि खून से लथपथ त्रिलोकी यादव वहीं पर गिर पड़ा। इसके बाद उसके परिजन तत्काल उसे लेकर अस्पताल गए। घटना की सूचना मिलते ही भरियार ओपी पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा पुलिस अभिरक्षा में जख्मी हो इलाज के लिए बक्सर भेजा। वहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी।

**हिंसा की आशंका से सहमें ग्रामीण :**

इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है तथा हिंसा प्रतिहिंसा की आशंका से ग्रामीण सहमें हुए है। जबकि पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को निर्यत्रित करने का प्रयास कर रही है। फिलवक्त माहौल बेहद तनावपूर्ण लेकिन पुलिस के नियंत्रण में है। सूत्रों का कहना है कि गोलीबारी से पहले लाठी डंडे भी चले है। जिसमें दोनों पक्षों के कुछ लोग भी जख्मी हुए है। इस संबंध में भरियार ओपी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि वे लगातार घटना पर अपनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष से आवेदन मिला है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# भगवान विष्णु के 24वां अवतार थे सहस्त्रबाहु अर्जुन : प्रदीप कुमार जायसवाल

**केटी न्यूज/बक्सर**



जायसवाल (सर्व.) सभा बक्सर द्वारा पीपी रोड बक्सर स्थित एक संस्थान में जायसवाल (कलवार) समाज के आराध्य देवता विश्व विजयी चक्रवर्ती सम्राट श्री राज राजेश्वर सहस्त्र बाहु अर्जुन भगवान का जन्मोत्सव धुम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार जायसवाल, मंच संचालन संजय कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत लक्ष्मण जायसवाल (संरक्षक), आदेश जायसवाल (संरक्षक), प्रदीप कुमार जायसवाल (प्रभारी अध्यक्ष) ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आये हुए समस्त स्वजतीय बंधुओं भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन के तैल्य चित्र पर माला पहना कर व पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई। वक्ताओं ने बताया कि सहस्त्रबाहु अर्जुन हमारे कलवार जाती के आराध्य देवता हैं। जो भगवान विष्णु के 24वां अवतार थे। इनका जन्मदिन कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की सप्तमी। कलचुरि संबत 1775 31 अक्टूबर को भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मदिन है, हैहय वंशी क्षत्रियों द्वारा 31 अक्टूबर इनका जन्मोत्सव पूरे देश में भक्तिभाव से मनाया जाता है। सहस्त्रबाहु अर्जुन के पिता महाराजा कृत वीर्य और माता महारांनी पद्मिनी थी भगवान श्री दत्तात्रेय के शिष्य थे। इन्हें हजार हाथों का वरदान मिला था। साथ ही, उनके जीवन पर लक्ष्मण जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सुरेश संगम, संजय चौधरी ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जायसवाल बिरादरी के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिसा लिया, जसमें विजय जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल, निर्मल जायसवाल, आलोक जायसवाल, प्रकाश जायसवाल, बब्लू जायसवाल, दिनेश जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश जायसवाल, लखी जायसवाल, विनोद जायसवाल, गोविंद जायसवाल आदि।

# चिराग पासवान बनेंगे राज्य के अगले मुख्यमंत्री : अखिलेश

- लोजपा रामविलास पार्टी की सांगठिन व समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लोजपा रामविलास का जिला स्तरीय संगठन विस्तार व संगठन समीक्षा बैठक पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन विस्तार व समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सह बक्सर जिला संगठन प्रभारी अशरफ अंसारी, छात्र लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष यामिनी रंजन मिश्र, जिला संगठन सह प्रभारी सुरेश पासवान व प्रदेश महासचिव संजय चौधरी मौजूद रहें। बैठक के पहले जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह द्वारा आगत अतिथियों को अंगवस्त्र व 51 किग्रा की फुलमाला से सम्मानित किया गया। संगठन विस्तार व समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी हुलास पांडेय ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का संगठन बक्सर में बुथ स्तर तक मजबूत है। बक्सर जिला का हर एक कार्यकर्ता चिराग पासवान है। बिहार मे जिस तरह चिराग पासवान की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ रही है कि बिहार मे अगला मुख्यमंत्री चिराग पासवान होंगे। छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यामिनी रंजन मिश्र ने कहा कि पार्टी का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को बिहार के गांव गांव में लोग पसंद कर रहे है।

# चौगाईं में विरासत वाले पेड़ को बचाने के लिए निमार्णाधीन सीएचसी का नक्शा किया गया चेंज

- ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने चौगाई का दौरान कर दिया नक्शा चेंज करने का निर्देश

**केटी न्यूज/चौगाईं**



प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित निमार्णाधीन सीएचसी भवन के पास सैकड़ों वर्षों से खड़े विरासत के पेड़ को बचाने की ग्रामीणों की मुहिम रंग ला दी है। बुधवार को खुद डीएम अमन समीर इस निमार्णाधीन भवन व उक्त विरासत वाले पेड़ का निरीक्षण किया तथा इसे बचाने के लिए सीएचसी के नक्शे में आंशिक बदलाव का निर्देश दिया। ताकि भवन भी बन जाए और विरासत के पेड़ का अस्तित्व भी बचा रहे। बता दें कि निमार्णाधीन सीएचसी भवन के पास ही सैकड़ों वर्ष पुराना बरगद का पेड़ है। जिसे विरासत का पेड़ घोषित किया गया है। यदि सीएचसी भवन का निर्माण पुराने नक्शा पर होता तो इस पेड़ को काटना पड़ता। ग्रामीणों के गुहार पर डीएम ने विरासत वाले इस पेड़ को कटने से बचा लिया है। डीएम ने इसके लिए संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को नए नक्शे के आधार पर निर्माण करने को कहा है। गौरतलब है कि चौगाईं पीएचसी को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में अपग्रेड किया गया है। जिसके तहत डेढ़ साल पहले इसे 30 बेड वाला अस्पताल बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ड महेंद्र पाल, सीएस डॉ. जितेंद्र नाथ, एसडीओ कुमार पंकज समेत कई अन्य स्थानीय अधिकारी मौजूद थे। डीएम के इस निर्णय के बाद चौगाई के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने विरासत वाले पेड़ को बचाने के लिए डीएम को धन्यवाद दिया है।

## एक नजर

### कार के धक्के से जख्मी हुआ किशोर, पुलिस ने जब्त किया वाहन

**डुमरांव।** नगर के लालगंज कड़वी मोड़ के समीप मंगलवार की रात मारुति कार के धक्के से एक किशोर जख्मी हो गया। किशोर की पहचान कड़वी मोहल्ला निवासी कुंवर राय के पुत्र मधुसूदन राय के रूप में हुई है। परिजनों ने राहगीरों की मदद से जख्मी किशोर को इलाज के लिए तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बक्सर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार वाहन चालक शराब के नशे में था। इस मामले में पीड़ित के आवेदन पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया है। घटना को लेकर बताया जाता है कि किशोर अपने दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में कार चालक ने किशोर को धक्का मारते हुए बिजली के पोल में जा टकराया। चालक कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के रहने वाला संतोष कुमार बताया जाता है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इस मामले में वाहन को जब्त कर चालक को जेल भेजा गया है।

### पीड़िया में भीषण चोरी, दो लाख के गहने समेत नकदी ले उड़े चोर

स्थानीय थाना क्षेत्र के पीडियां गांव में अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपये के सोने व चांदी के गहने तथा सात हजार रूपए नकद राशि चोरी कर ली है। घरवालों को इस घटना की जानकारी सुबह में मिली। इसके बाद उनमें अफरा-तफरी मच गई। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच तफ्तीश शुरू कर दी है। इस मामले में पीड़ित अवधेश यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि परिजन रात्रि पहर खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। मौका देख अज्ञात चोर घर में घुवस बक्से का कुंडी सहित ताला तोड़कर उसमें रखे गये सोने व चांदी के आभूषण सहित सात हजार नकद राशि चोरी कर फरार हो गये। जब परिजनों ने घर की छानबीन की तो बक्से का ताला टूटा देख दंग रह गये। जब बक्से को खोला तो सारा सामान गायब था। परिजनों के अनुसार करीब दो लाख रुपये के गहने और नगद राशि चोरों के हाथ लगी है. स्थानीय पुलिस ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### फर्जी मामले में यूपी से एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस ने फजीवाड़े के एक मामले में अभियुक्त को यूपी के अमेठी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त देवकली रानीगंज निवासी बबन कुमार मिश्र है। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में वह फर्जी तरीके से जिला के शिवपुरी निवासी चंदन कुमार के नाम पर पोकलेन की खरीदारी नामजद दो अभियुक्तों ने संयुक्त रुप से किया था। जिसका एफआईआर नावानगर थाना में चंदन कुमार ने नामजद कराया था। दर्ज एफआईआर के बाद एक अभियुक्त अरुण कुमार मिश्र को पूर्व में अमेठी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, बबन कुमार मिश्र फरार था। मंगलवार को नावानगर पुलिस ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना ले आए। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि फर्जी मामले में फरार अभियुक्त को अमेठी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### अंकिता सिंह बनी डुमरांव की पहली महिला सीओ, मिला प्रभार

**डुमरांव।** डुमरांव अंचल में पहली बार किसी महिला सीओ का पदस्थापना हुआ है। डुमरांव अंचल में ही बतौर राजस्व पदाधिकारी कार्यरत अंकिता सिंह को यहा का नया सीओ बनाया गया है। इसके पहले डुमरांव अंचल का प्रभार इटाढ़ी के सीओ रजनीकांत के पास था। बुधवार को अंकिता ने उनसे यहा का संपूर्ण प्रभार ले डुमरांव की पहली सीओ बनने का गौरव हासिल किया। बता दें कि वर्ष 1961 ई में डुमरांव अंचल का गठन हुआ था। तब से आज तक यहा सिर्फ पुरूष अंचलाधिकारी की पोस्टिंग ही हुई थी। बता दें कि अंकिता बक्सर जिले की पहली ऐसी राजस्व पदाधिकारी भी है जिन्हें सीओ में प्रमोट किया गया है। प्रभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने अंचल कार्यालय के कर्मियों से बैठक कर यहा के कार्यो को बारीकी से समझा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों को निपटाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। जबकि सभी कार्यो को निर्धारित समय में पूरा करने तथा पारदर्शिता बरतने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि हर दिन बढ़ रहे भूमि विवाद संबंधित मामलों को देखते हुए नए सीओ के लिए चुनौतियां कम नहीं होगी। हालांकि उन्होंने बताया कि भूमि विवाद को निपटाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### छह नवंबर को निकलेगी समागम स्थल से भव्य शोभायात्रा, तैयारी तेज

**बक्सर।** अहिरौली में सनातन संस्कृति समागम को लेकर तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पूरे शाहाबाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया कि बक्सर के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक स्वरूप को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाने में यह समागम मील का पत्थर साबित होगा। छह नवंबर को समागम स्थल से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। सात नवंबर पूज्य श्री जीयर स्वामी जी का आगमन होगा। सात नवंबर को विश्व कीर्तिमान 250 फीट भगवान श्रीराम की प्रतिमा 11 लाख दीपक से सन्ध्या 3 बजे से शाम 6 बजे तक बनेगा।







## छोटी खबरें

### दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा, तो पीड़िता पहुंची पुलिस

**बलिया।** जिले के गड़वार थाना अंतर्गत एक गांव में दबंगों ने गरीब परिवार के जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिसके बाद पीड़िता न्याय के लिए थाने में पहुंची और थानेदार को अपनी व्यथा बताई। मामले में बताया जाता है कि सिकरिया खुर्द की रहने वाली रीमा देवी के पति बाहर में काम करते हैं। जिससे उनके परिवार का पालन पोषण होता है। पीड़िता रीमा देवी ने बताया कि उनके पड़ोसियों ने उसके पति की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। उनके पड़ोसी दबंग किस्म के हैं। जिसका विरोध करने पर वो लोग उसे और उसके परिवार के लोगों को धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारी सुलह कराने के लिए उनके गांव पहुंची थी। लेकिन, दबंगों ने उनके सामने भी उसे मारे की धमकी दी। हालांकि, पीड़िता के बयान को सुनकर लगता है कि मामले में पुलिस दबंगों से मिली हुई है। इसलिए अब तक उसे न्याय नहीं मिल रहा है। यदि पुलिस और अधिकारी चाह जाएं, तो मामले में हस्तक्षेप कर पीड़िता को न्याय दिला सकते

### पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के अनावरण को लेकर हुई बैठक

**बलिया।** अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष आकाश कुमार पटेल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने चन्द्रशेखर नगर स्थित राज्य सभा सांसद नीरज शेखर के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। अनावरण समारोह को लेकर अपना दल एस के कार्यकताओं में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। बैठक में संजीव पटेल मिथिलेश पटेल संतोष पटेल सुदामा भाई सुरेंद्र राकेश दिव्या अवनीश गणेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


### 82 में 50 संदिग्ध मरीजों में डेंगू पॉजिटिव

**गाजीपुर।** जिले में डेंगू से बचाव के लिए चिकित्सालय को अलर्ट रखा गया है। राजकीय चिकित्सालय एवं निजी पैथोलॉजी से डेंगू संदिग्ध मरीजों के सैंपल लेकर जांच के लिए बीएचयू भेजे जा रहे हैं। हाल ही में भेजे गए 82 सैंपल में से 75 की रिपोर्ट आई है। जिसमें 50 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया कि सभी मरीज उपचार के पश्चात स्वस्थ हैं। जनपद के बाहर के चिकित्सालयों में उपचार के लिए गए मरीजों में से 19 मरीजों के डेंगू पॉजिटिव की सूचना प्राप्त हुई।

# चौक-चौराहों पर चला सघन रूप से चेकिंग अभियान, वसूला गया जुर्माना

- यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है नवंबर माह
- 341 वाहन चालकों से वसूला गया 26500 जुमार्ना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही चेकिंग अभियान चला रही है। बुधवार को पुलिस ने नगर के कई चौरोहों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सौ से अधिक वाहनों का चालान करने के साथ ही हजारों का जुमार्ना किया गया। जमानिया बस स्टैंड पर बस और आटो चालकों सहित अन्य लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। बीते एक नवंबर को पुलिस कार्यालय में एसपी रोहन पी बोत्रे ने यातायात माह-नवंबर 2022 का शुभारंभ फीता काटकर और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया था। इसके बाद यातायात पुलिस ने लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य प्रारंभ कर दिया। दूसरे दिन भी लोगों को जागरूक किया गया।

जमानिया बस स्टैंड पर बस और आटो चालकों को जागरूक करते हुए यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि जीवन बहोत कीमती है। यातायात नियमों का पालन करते हुए आप इसे सुरक्षित रख सकते है। उन्होंने कहा कि चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। बिना लाइसेंस के वाहन न चलाए। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। तेज रफ्तार और नशे की हालत में किसी भी हाल में वाहन न चलाए। नींद या झपकी आने पर वाहन न चलाए। वाहन में काली फिल्म और हूटर का प्रयोग न करें। समय-समय पर आंखों की जांच कराते रहे। वाहन चलाते समय 10 मीटर की दूरी बनाए रखे। बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन को दुरुस्त रखे।

उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी ला सकते है। यातायात प्रभारी श्री मिश्रा ने बताया कि यातायात माह के तहत लोगों को नियमों का पालन करने के जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। आज नगर के लंका, रौजा सहित विभिन्न चौराहों पर चेकिंग के दौरान विभिन्न अनियमितता में 341 चारपहिया और बाइकों का चालान किया गया। इसके साथ ही 26500 जुमार्ना किया गया। उन्होंने बताया कि जागरूकता और चेकिंग अभियान पूरे माह जारी रहेगा।

# मुख्तार अंसारी के गुर्गे ने भाजपा जिलाध्यक्ष के भतीजे को भरे बाजार दौड़ाकर मारी गोली

- एक साल भी पंकज सिंह ने मोहल्ले में आ कर अजय दुबे को मारी थी गोली
- अब्बास अंसारी से ताल्लुक रखने के कारण संपत्ति हो चुकी है कुर्क

**केटी न्यूज/मऊ**

जिले के भीटी बाजार में रहने वाले अजय दुबे को उनके घर के पास पांडे कटरा में दौड़ाकर एक मुख्तार अंसारी गैंग के बदमाश पंकज सिंह ने गोली मार दी। गोली उसकी जांघ से आर-पार हो गई। गोली लगने के बाद अजय दुबे (पूर्व भाजपा नेता जिलाध्यक्ष मुन्ना दुबे के भतीजे) जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। इसके बाद स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने घायल अजय को जिला अस्पताल के आकस्मिक विभाग में भर्ती कराया। यहां पर प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बनारस बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया है।


अस्पताल में इलाजरत युवक

**एक साल पहले भी मारी थी गोली:** घायल अजय दुबे ने बताया कि आरोपी पंकज सिंह मनबढ़ किस्म का लड़का है। यह मुख्तार अंसारी गैंग से ताल्लुक रखता है। वह एक वर्ष पहले भी इसके मोहल्ले में आकर इसके ऊपर गोली चला चुका है।

### दोबारा दिया इस घटना को अंजाम

आर्म्स एक्ट में जेल में बंद था, जमानत पर छूटा वहीं क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा का कहना है कि पंकज सिंह ने अजय दुबे को गोली मारी है जो उसके जांघ से होते हुए आर पार हो गई है। इसके बाद इन्हें अस्पताल में प्रथम उपचार दिया गया है। आरोपी मनबढ़ अपराधी प्रवृति किस्म का आदमी है। कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर छूटा है। अवैध असलहे 25 आर्म्स एक्ट में जेल में बंद था। यह मुख्तार अंसारी गैंग से ताल्लुक रखते हैं। यह अब्बास अंसारी के ताल्लुक रखते हैं, साथ ही मुख्तार अंसारी गैंग से इनके पारिवारिक और आपराधिक रिश्ते होने के कारण इनके परिवार संपत्ति को कुर्क भी किया जा चुका है।

# छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने तक जारी रहेगा अनशन : छात्र नेता

**केटी न्यूज/बलिया**

पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर रहे। जिसमें छात्र नेताओं ने छात्रसंघ चुनाव की तिथि पर तत्काल घोषित कर ने की मांग दोहराई।

अनशन काली छात्र नेताओं का जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला अस्पताल के चिकित्सा धिकारी डॉ. रितेश सोनी बुधवार को अपराह्न स्वास्थ्य परीक्षण किया। अनशनकारियों में आदर्श मिश्रा अध्यक्ष प्रत्याशी टीडी कॉलेज, वरुण मिश्र अध्यक्ष प्रत्याशी अमरनाथ पीजी कॉलेज, सुमित कुमार वर्मा अध्यक्ष प्रत्याशी कुंवर सिंह महाविद्यालय आमरण अनशन पर बैठे है।



अनशन पर बैठे छात्रनेता

पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि जबतक छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं होती तब तक छात्रों का आमरण अनशन नियमित रूप से चलता रहेगा। इस मौके पर छात्र नेता अमित दुबे, यशजीत सिंह, सूरज गुप्ता, आदित्य योगी, मनीष सिंह, वीर प्रताप सिंह राजदीप सिंह, मदनी नसीम, धर्मेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**केटी न्यूज/सुखपुरा**

जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र के युवक की तेज रफ्तार में बाइक चलाते समय असंतुलित होकर गिर गई। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान राम जी वर्मा के 25 वर्षीय बेटा अंजनी वर्मा के रूप में की गई। जो किसी काम से गांव से जिला मुख्यालय जा रहा था। तभी, अचानक जीरा बस्ती नहर के समीप मोटरसाइकिल तेज रफ्तार होने के चलते असंतुलित होकर पलट गई। जिससे उसको गंभीर चोटें आई। आसपास के लोग उसे जिला अस्पताल पहुंचाने ही वाले था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर घर वाले तथा पुलिस के जवान पहुंच गए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस

# सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की जांच को छात्र नेता ने उठाई आवाज

- पूर्व छात्र नेता ने डीएम को सौंपा पत्रक, दोषी अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- कहा, दोषियों के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई तो जाएंगे न्यायालय

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कासिमाबाद क्षेत्र के शेखनपुर निवासी पूर्व छात्र नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनुराग कुमार सिंह ने जिलाधिकारी आर्यका अखौरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार व अनियमितता सिद्ध होने के बावजूद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने से संबंधित संबंधित पत्रक सौंपा। प्रकरण की तत्काल जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। पत्रक में पूर्व छात्र नेता ने कहा कि मेरे द्वारा उपरोक्त संदर्भित कमांक 3 द्वारा 4 कार्यों की शिकायत किए जाने पर तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके की जांच करने पर उक्त संदर्भ जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उक्त सन्दर्भित संख्या-2 के अधिकारियों व कर्मचारियों को दोषी साबित होने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उक्त विषय में अवगत कराना चाहूंगा कि कठवामोड़ से नोनहरा, भागलपुर सं. मार्ग 1600 मीटर लम्बी है तथा मऊ-युसुफपुर मार्ग पावर हाउस होते हुए कमालपुर सं. मार्ग जो कि एक किमी लंबी है, इन दोनों मार्गों की स्वीकृति 2017 में प्राप्त हुई थी और 2017 में ही बिना मौके पर कार्य कराए ही पूरा पैसे का बंदरबांट कर भ्रष्टाचार किया गया। इसकी शिकायत 2020 में करने पर जल्दी-जल्दी में आधा-अधूरा कार्य कराया गया। जिसकी पुष्टि मुख्य विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट में भी स्पष्ट है। जल्दी-जल्दी में स्वीकृत मार्ग का जगह भी बदलकर दूसरी जगह बना दी गई, जो नियम से गलत हैं। ग्राम रानीपुर के रामधारी सिंह मंदिर के पास दोना नदी पर लघु सेतु के अपूर्ण कार्य के लिए 4.50 करोड़ धन स्वीकृत है। इसमे राकेश कुमार सहायक अभियंता द्वारा एक ही बिल 45 लाख का ठेकेदार को दो बार भुगतान अपने निजी स्वार्थ में कर दिया गया। जब आडिट वाले आपत्ति किए, तब मामला सामने आया। फिर भी आज तक दोषी राकेश कुमार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

जबकि इसकी शिकायत पूर्व मंत्री संगीता बलवंत से लिखित रूप में करने के बावजूद भी आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। मैं विगत 3 वर्षों से जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने क्षेत्र के विकास व न्याय के लिए कई बार शिकायती पत्र देकर दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। पूर्व छात्र नेता ने प्रकरण की तत्काल जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्यवाही कराने की डीएम से गुहार लगाई।

# गाजीपुर की बेटी ज्योति ने मध्य प्रदेश से आए पहलवान मोंटी को किया चित

- दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, 50 जोड़ी पहलवानों के बीच हुई कुश्ती
- अयोध्या के हरिओम बाबा व पंजाब के विक्की के बीच हुआ प्रमुख मुकाबल

**केटी न्यूज/बलिया**



बलिया के जंगली बाबा धाम पड़वार में बुधवार को दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने किया। दगंल में गाजीपुर की महिला पहलवान ज्योति ने मध्य प्रदेश से आए पुरुष पहलवान मोंटी को चित कर दिया। इसे देखकर दर्शकों ने जोरदार ताली से ज्योति का हौसला अफजाई किया। पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी ने कहा कि अपनी पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कराना सराहनीय पहल है। यह आगे भी लगातार जारी रहे। इससे ग्रामीण क्षेत्र के कुश्ती लड़ने वाले युवाओं की प्रतिभा में निखार आएगा और उसी में कुछ प्रतिभागी आगे जाकर बेहतर परिणाम पाएंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी व सोहांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वंशीधर यादव ने आयोजक मंडल को धन्यवाद देते हुए आगे भी यह आयोजन लगातार होता रहे, इसमें आवश्यकता पड़ने पर अपनी ओर से हरसंभव सहयोग की बात कही। इससे पहले सभी अतिथियों का स्वागत पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित यादव ने किया। इस अवसर पर आयोजक राजकमल यादव उर्फ पप्पू प्रधान, जिपं सदस्य वीरलाल यादव, पूर्व जिपं सदस्य अमित यादव, श्यामदेव यादव, लक्ष्मण, सूर्यनाथ, लालबाबू यादव, हरिकृष्ण यादव, शिवानंद, हरेराम, उदय बहादुर आदि मौजूद रहे। कुश्ती का संचालन हरिवंश पहलवान और रमेश पाल ने किया।

### अयोध्या के हरिओम बाबा और पंजाब के विक्की की बीच मुकाबला

दंगल प्रतियोगिता में 50 जोड़ी कुश्ती हुई। इसमें कई कुश्ती काफी रोमांचक हुई और बराबरी पर छूटी। प्रमुख मुकाबलों में अयोध्या के हरिओम बाबा और पंजाब के विक्की पहलवान के बीच हुआ मुकाबले में हरिओम बाबा ने बाजी मार ली। बलिया केसरी राहुल यादव ने मुजफ्फरपुर के वकार पहलवान को चित किया। गाजीपुर के राहुल पहलवान व जौनपुर के सुनील पहलवान के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला बराबरी पर छूटा। जबकि मऊ के मनोहर पहलवान और बनारस के भीम पहलवान के बीच हुई कुश्ती ने मनोहर ने बाजी मारी। इसके अलावा जिले के विभिन्न इलाके से आए स्थानीय पहलवानों ने अपने दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### कस्टम एंड एक्साइज में प्रिवेंटिव ऑफिसर बने बलिया के अनूप



**बलिया।** जिले के डीघा (पचखोरा) निवासी अनूप नारायण यादव ने सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, भारत सरकार में प्रिवेंटिव ऑफिसर (निवारक अधिकारी) बन परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से परिवार,गांव सहित उनके शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। अनूप फिलहाल आयकर विभाग में मुम्बई के क्लर्क के रूप में कार्यरत हैं। अनूप के पिता लल्लन यादव सिंगरौली में कोल फील्ड में कार्यरत थे। सिंगरौली से ही अनूप ने पहली से लेकर 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण की। मैकेनिकल से ग्रेजुएशन और टीआईटी भोपाल से इंजीनियरिंग करने के बाद वह तैयारी में जुट गए। पिछले वर्ष उनका चयन आयकर विभाग में बतौर क्लर्क हुई थी और मुम्बई में पोस्टिंग मिली थी। दो दिन पूर्व सोमवार को एसएससी सीजीएल-2020 के आए फाइनल रिजल्ट में ऑल इंडिया रैंक-2287 के साथ उनका चयन सेंट्रल गवर्नमेंट के कस्टम एंड एक्साइज डिपार्टमेंट में प्रिवेंटिव ऑफिसर के तौर पर हुआ।

### हत्या के आरोप में कोर्ट ने आरोपित को सुनाई अजीवन कारावास की सजा

**बलिया।** पुलिस द्वारा जनपद में महत्वपूर्ण मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर अभियोग में त्वरित निस्तारण को चलाये गये अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, अभियोजक, अपर निदेशक अभियोजन व पैरोकारों की प्रभावी पैरवी के चलते थाना सहतवार पर वर्ष 2020 में पंजीकृत धारा 302, 34, 506, 504 भादवि में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश बलिया ने अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र स्व. कपिल सिंह (निवासी डुमरिया, सहतवार, बलिया) को आजीवन कारावास की सजा दी। अदालत ने धारा 302 भादवि के अपराध में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा तथा 20000/-रुपये अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड नहीं अदा करने पर 06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। वहीं, धारा 504 भादवि के अपराध में अभियुक्त को 06 माह की कारावास की सजा सुनायी गयी। गौरतलब है कि जनपद पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार पुलिसकर्मियों के साक्ष्य शीघ्र न्यायालय में निस्तारण कराने पर बल दिया जा रहा है, जिसके नतीजे सामने आ रहे हैं।

### सौंदर्यीकरण व डेवलपमेंट के लिए दिए गए प्रस्ताव, सर्वे के बाद तैयार होगा प्रस्ताव

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पर्यटन एवं सस्कृति परिषद की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जमानियां विधायक ओम प्रकाश सिह एवं सदर विधायक जैकिशुन साहू भी शामिल हुए। बैठक में जनप्रतिनिधयों ने जनपद के प्रमुख घाटों, मंदिरों का सौन्दर्यीकरण, हिस्टोरिकल प्लेस का निर्माण, डाल्फिन प्वाईन्टस, साईवेरियन पक्षियों हेतु ताल का सौन्दर्यीकरण, जनपद के ऐसे ऐतिहासिक एवं साहित्याकार जिनका निवास गाजीपुर में है के भवनो का डेवलपमेन्ट हेतु प्रस्ताव दिये गये। जिसपर जिलाधिकारी ने प्रस्तावों का सर्वे करने के बाद एस्टीमेट तैयार कर शासन को प्रेषित करने की बात कही।जिलाधिकारी ने प्रेस प्रतिनिधियों संग वार्ता में बताया कि जनपद गाजीपुर मे सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से पर्यटन के विकास हेतु अत्यधिक संभावनाएं है। इसी के दृष्टिगत जनपद के जनप्रतिनिधियों संग बैठक कर पर्यटन विकास हेतु उनके प्रस्तावों को लेकर उसकी सूची बनायी गयी है। जिसका सर्वे कराने के उपरान्त एस्टीमेट तैयार कर शासन को प्रेषित किया जायेगा। जिससे जनपद गाजीपुर की ब्रांन्डिग हो और यहां टूरिज्म का वातावरण बने। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि अगले आने वाले समय में जनपद गाजीपुर में टूरिज्म की एक अलग पहचान बनेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वि.रा. अरूण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर गौरव कुमार, जिला विकास अधिकारी राजेश यादव, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी दिव्या तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सूचना अधिकारी राकेश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### पोखरे में डूबने से युवक की मौत, घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निकला शव

**गाजीपुर।** मरदह थाने के हरिकरनपुर चौथी गांव में शनिवार की शाम गांव में स्थित पोखरे में ब्रह्मजीत सिंह के बेटे सुशील उर्फ चिल्लर सिंह (24) की डूबने से मौत हो गई। सुशील की दिमागी हालत ठीक नहीं है। शनिवार को हरिकरनपुर चट्टी पर स्थानीय ग्रामीणों ने सुशील को घूमते हुए देखा था। पोखरे में वह कपड़ा निकालकर नहाने के लिए कूद गया था। काफी देर तक वह जब पानी से बाहर नहीं निकला तब ग्रामीणों ने अज्ञात युवक के पोखरे में डूबने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मरदह थाने की पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर युवक के शव को खोजने का प्रयास किया। लेकिन, पोखरे काफी गहरा होने के कारण देर रात तक न तो शव मिला न ही डूबे युवक की शिनाख्त हो सकी। एसडीएम कासिमाबाद वीरबहादुर यादव एवं सीओ बलिराम भी देर रात को मौके पर पहुंचे। सुबह पुलिस द्वारा गोताखोरों को बुलाकर काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे कोड़री गांव निवासी ब्रह्मजीत सिह ने अपने बेटे के शव की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मरदह के प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि देर रात्रि तक पोखरे से शव निकलने पर रात्रि में पुलिस पोखरे पर तैनात थी। गोताखोरों से शव निकलवाने एवं शिनाख्त होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस घटना के बाद श्रद्धालु पोखरे में छठ पूजन करने के प्रति भयभीत दिखे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रही।

### नवजात की मौत पर ग्रामीणों ने घेरा थाना, दर्ज कराई प्राथमिकी

**गाजीपुर।** प्रसूता के साथ दुर्व्यवहार एवं तीमारदारों के साथ मारपीट के मामले को लेकर उस वक्त हंगामा मच गया जब सोमवार की दोपहर प्रसूता मृत बच्चे को गोद में लिए हुए दिलदारनगर थाने पहुंची।